दिन– बुधवार दिनांक– 29 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए प्रचार अभियान आखिरी दौर में। पटना साहिब, नालंदा और जहानाबाद समेत राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों में कल शाम थम जाएगा प्रचार का शोर।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज काराकाट, बक्सर और पटना साहिब लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे।

03. प्रदेश में गर्मी ने पिछले एक दशक का रिकॉर्ड तोड़ा। औरंगाबाद में तापमान सैंतालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर। मौसम विभाग ने कहा– दो जून तक गर्मी से राहत के आसार नहीं।

04. और, पटना लॉ कॉलेज परिसर में छात्र की हत्या के बाद पटना विश्वविद्यालय के सभी कॉलेज कल तक के लिए बंद। छात्रावासों को भी बंद करने के आदेश।

---

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए प्रचार अभियान आखिरी दौर में पहुंच गया है। इस चरण के तहत राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों– नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट और जहानाबाद में कल शाम प्रचार का शोर थम जाएगा। इन लोकसभा सीटों पर एक जून को मतदान होना है। प्रचार अभियान में एनडीए और इंडी गठबंधन के नेताओं ने पूरी ताकत झोंक दी है। दोनों गठबंधन के अलावा अन्य राजनीतिक दल और निर्दलीय प्रत्याशी भी जोर–शोर से प्रचार अभियान में जुटे हुए हैं।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज काराकाट, बक्सर और पटना साहिब लोकसभा क्षेत्रों में तीन चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का जहानाबाद, काराकाट, नालंदा, सासाराम और पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्रों में जनसभाओं को संबोधित करने का कार्यक्रम है। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद अपनी बेटी और राजद प्रत्याशी मीसा भारती के समर्थन में पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में प्रचार करेंगे। वहीं, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव सासाराम, बक्सर और पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। सीपीआई, सीपीएम और सीपीआई, एमएल के नेता भी इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी सभाएं करेंगे।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद तीस मई से कन्याकुमारी के तीन दिन के दौरे पर रहेंगे। श्री मोदी रॉक मेमोरियल जायेंगे और ध्यान मंडपम में साधना में लीन होंगे। यह वही स्थान है जहां स्वामी विवेकानन्द ने भी ध्यान साधना की थी।

---

आयकर विभाग ने लोगों को इकतीस मई तक पैन कार्ड को आधार से जोड़ने की सलाह दी है। ऐसा नहीं करने पर दोगुनी दर पर टीडीएस काटा जाएगा।

---

प्रदेश में गर्मी ने पिछले एक दशक का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान औरंगाबाद का अधिकतम तापमान सैंतालीस दशमलव सात डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इससे पहले वर्ष दो हजार बारह में जून माह में औरंगाबाद का अधिकतम तापमान छियालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कल आठ शहरों का अधिकतम तापमान पैंतालीस डिग्री सेल्सियस के आस–पास रहा। वहीं, नौ शहरों का अधिकतम तापमान इकतालीस डिग्री से अधिक रिकॉर्ड किया गया। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री बढ़ोतरी के साथ बयालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद, अरवल और जहानाबाद जिलों में लू चलने की आशंका है। वहीं, सीतामढ़ी, मधुबनी, दरभंगा, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद और नवादा जिले में कुछ स्थानों पर गर्म रात्रि का पूर्वानुमान है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, पटना, जमुई, शेखपुरा, वैशाली, नवादा, नालंदा, मुंगेर और खगड़िया जिले में लू को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक एस. के. पटेल ने बताया कि राज्य के उत्तर–पश्चिम, दक्षिण–पश्चिम, दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पूर्व भागों में दो जून तक गर्मी का प्रकोप जारी रहेगा।

———बाईट———

---

आपदा प्रबंधन विभाग ने भीषण गर्मी और लू से बचने को लेकर कई दिशा–निर्देश जारी किये हैं। लोगों को धूप में नहीं निकलने की सलाह दी गयी है। यदि निकलना आवश्यक हो तो छाता का इस्तेमाल करने को कहा गया है। साथ ही लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी और अन्य स्वास्थ्यवर्धक पेय–पदार्थ का सेवन करने की सलाह दी गयी है। एम्स नई दिल्ली के चिकित्सक डॉ. संजीव सिन्हा ने बताया कि गर्मी के मौसम में लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए।

–––बाईट–––

---

पटना लॉ कॉलेज परिसर में एक छात्र की हत्या के बाद पटना विश्वविद्यालय प्रशासन ने विश्वविद्यालय और सभी कॉलेजों को कल तक बंद रखने का आदेश दिया है। इधर, विश्वविद्यालय के सभी छात्रावास आज से बंद कर दिये जायेंगे। इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी चंदन कुमार को पटना के बिहटा से गिरफ्तार कर लिया है। इस बीच, राज्यपाल सह–कुलाधिपति राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने छात्र की हत्या के मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुये दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं।

---

प्रदेश के मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में हिन्दी में पढ़ाई शुरू करने को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने तीन सदस्यों वाली उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। इस समिति में राज्य स्वास्थ्य समिति के मानव संसाधन प्रभारी राजेश कुमार, बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के एकेडमिक डीन डॉ. मिथिलेश प्रताप और पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल के क्लिनिकल पैथोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र प्रसाद शामिल हैं। यह टीम मध्य प्रदेश जाकर हिन्दी माध्यम से कराये जा रहे शैक्षणिक कार्यों का अध्ययन करेगी। टीम पांच जून तक स्वास्थ्य विभाग को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

---

भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार के महानिदेशक अरुण सिंघल ने कहा कि भारत ऐतिहासिक अभिलेखों को डिजिटल बनाने में अग्रणी बनकर उभरा है और भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार इस पहल का नेतृत्व कर रहा है। श्री सिंघल ने आकाशवाणी से

विशेष बातचीत में कहा कि राष्ट्रीय अभिलेखागार वर्तमान में प्रतिदिन छह लाख पृष्ठों का डिजिटलीकरण कर रहा है।

———बाईट———

हमारे पास अभी चार– साढे चार करोड पेज डिस्चार्ज हुए हैं बहुत तेजी से हम करेंगे तो हम 6 लाख पेज रोज या सवा करोड़ पेज पर मंथ के हिसाब से करेंगे और आप पाएंगे कि 1 साल के अंदर ही दुनिया में सबसे आगे हम लोग हो जाएंगे जो नंबर ऑफ पेजेज है रिसाइज उसके टर्म्स से। लेकिन उसको करने में समस्या आएगी कि बहुत सारे कागज ऐसे हैं जो बडी खराब हालात में हैं और जो पेपर ब्रिटिल हो गया है स्कैन नहीं हो सकता स्कैनर के पास ले जाना पडता है आपको पेपर को अगर पेपर इतनी खराब हालत में है कि स्कैनर पर ले जाते ले जाते टूट जाएगा टुकड़े हो जाएंगे इसके तो उसका स्कैन करने से पहले रिपेयर करना जरूरी हो जाता है।

———————————————————————————

पूर्व मध्य रेलवे की ओर से चलाये गये विशेष जांच अभियान में कल बिना टिकट यात्रा करने के मामले में ग्यारह हजार पांच सौ यात्रियों को पकड़ा गया। इन यात्रियों से जुर्माने के रूप में पचासी लाख रुपए वसूले गए। रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह अभियान दानापुर, सोनपुर, समस्तीपुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और धनबाद मंडलों में एक साथ चलाया गया।

———————————————————————————

एसटीएफ की टीम ने पटना के नौबतपुर थाना क्षेत्र से एक लाख रूपये के इनामी अपराधी किशन कुमार को हथियार और मादक पदार्थों के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

अररिया जिले के कुशमाहा के विशनपुर से एसएसबी के जवानों ने एक सौ उनतीस किलो गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। वहीं, मधुबनी जिले के खुटौना थाना क्षेत्र से पुलिस ने बयालीस किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

गया जिले के डुमरिया थाना क्षेत्र से पुलिस और एसएसबी की टीम ने कुख्यात नक्सली अटल मांझी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार नक्सली की पुलिस को कई मामलों में तलाश थी।

———————————————————————————

भोजपुर जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव में स्थानीय लोगों ने साईकिल चोरी के आरोप में एक युवक की पीट–पीट कर हत्या कर दी।

---

रोहतास जिले के बरहरी चौकी क्षेत्र अंतर्गत रेहारी गांव में आग लग जाने से एक बच्ची की मौत हो गयी। अगलगी की घटना में बत्तीस मवेशियों की भी मौत की खबर है। वहीं, बेगूसराय जिले के मटिहानी थाना क्षेत्र अंतर्गत मनियाप्पा गांव में अगलगी की घटना में झुलसने से एक बच्ची की मौत हो गई।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब बिहार से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने लोकसभा चुनाव प्रचार और भीषण गर्मी से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है– बिहार में चुनावी महाभारत के निर्णायक पड़ाव पर सितम ढा रही झुलसाने वाली गर्मी। अंतिम चरण में मौसम और चुनावी मशक्कत में जंग।

**प्रभात खबर** लिखता है– जानलेवा गर्मी। बेहोश हो रहे हैं विद्यार्थी और शिक्षक।

**आज** अखबार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हवाले से लिखता है– बिहार को अंधेरे में रखना चाहता है राजद।

**दैनिक भास्कर** ने पटना लॉ कॉलेज में छात्र की हत्या से जुड़ी खबर को प्रमुखता देते हुए लिखा है– हिंसा की मुखालफत करने वाला छात्र ही हत्या का साजिशकर्ता।

**दैनिक जागरण** लिखता है– पटना–गया रेलखंड पर जटडुमरी बनेगा जंक्शन।

**राष्ट्रीय सहारा** की प्रमुख खबर है– डीयू दाखिले में लागू हुआ एकल बालिका कोटा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए प्रचार अभियान आखिरी दौर में। पटना साहिब, नालंदा और जहानाबाद समेत राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों में कल शाम थम जाएगा प्रचार का शोर।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज काराकाट, बक्सर और पटना साहिब लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे।

03. प्रदेश में गर्मी ने पिछले एक दशक का रिकॉर्ड तोड़ा। औरंगाबाद में तापमान सैंतालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर। मौसम विभाग ने कहा– दो जून तक गर्मी से राहत के आसार नहीं।

04. और, पटना लॉ कॉलेज परिसर में छात्र की हत्या के बाद पटना विश्वविद्यालय के सभी कॉलेज कल तक के लिए बंद। छात्रावासों को भी बंद करने के आदेश।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।